informataion with the Ministry of External Affairs, the position is as follows:—

The real link between Fatehpur and Rajbiraj is through Hanumannagar. Work on the Hanumannagar-Fatehpur road has been completed: work on the Hanumannagar-Rajbiraj road is being carried out and is likely to be completed by 1981.

On the Central Sector of the Mahendra Raj Marg, about 70 per cent of the work has been completed. The project is expected to be completed by December 1982.

The difficulties in the timely completion of these projects have been occasioned by the rapidly escalating cost of construction materials, difficult terrain in certain sectors and also labour strikes (in the central sector of the Mahendra Raj Marg) resulting in loss of working seasons.

(b) The Western Kosi Canal Project is expected to be completed by 1983 and as of date, on an overall basis more than 60 per cent off the work has been completed and progress has been satisfactory.

(c) The scheme for the extension of Kamla embankments beyond Jaynagar into Nepalese territory is in the final stages of preparation by the Government of Bihar.

(d) Causes for delay in respect of road projects have been explained in (a) above. In the case of (c), the Government of Bihar has been requested to expedite finalisation of the scheme. Efforts have been made to adhere to the construction schedules through ensuring timely movement of construction materials, provision of trained technical personnel and by overcoming labour difficulties to the extent possible.

लन्दन और काठमान्डु स्थित भारतीय मिशनों में हिन्दी अनुवादकों के पदों को समाप्त किया जाना

4380. श्री जयपाल सिंह कश्यप : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ब्रिटेन और काठमांडु स्थित भारतीय मिशनों में हिन्दी अनुवादकों के तीन पद समाप्त कर दिये गये है ;

(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो उक्त मिशनों में इस समय कितने हिन्दी अनुवादक कार्य कर रहे हैं और कब से कार्य कर रहे हैं ?

विदेश मंत्री (श्री पी0 वी0 नरसिंह राव) : (क) से (ग). जी नहीं । लन्दन स्थित हमारे हाई कमीशन में एक हिन्दी अनुवादक 16–5–1977 से अनुभाग अधिकारी के पद पर काम कर रहा था और वह वहीं से 31–5–1979 को सेवा निवृत्त हो गया । लन्दन में हिन्दी के काम के लिए एक उपयुक्त पद बनाने का प्रश्न विचाराधीन है ।

काठमांडु स्थित हमारे राजदूतावास में एक हिन्दी अनुवादक 1–2–1978 से कार्य कर रहा है । हाल ही में विदेश सेवा निरीक्षकों ने इसे समाप्त किये जाने की सिफारिश की थी लेकिन इस पर पुनर्विचार किया जा रहा है ।

बिलासपुर-जबलपुर लाइन के लिये सर्वेक्षण

4381. श्री केयर भूषण : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश का दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र जहां हरिजनों और आदिवासियों की

जनसंख्या अधिक है, खनिज और औद्योगिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है ;

(ख) क्या छत्तीसगढ़ क्षेत्र में रेल यातायात बहुत कम है, और क्या अपर्याप्त परिवहन सुविधाओं के कारण इस क्षेत्र का विकास धीमा है ;

(ग) क्या सरकार का विचार बैलाडिला मोहा खान से रायपुर भिलाई इस्पात संयंत्र तक, कोरबा एल्यूमीनियम संयंत्र से रांची (बिहार) तक और बिलासपुर जंक्शन से जबलपुर तक रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने का है; और

(घ) क्या सरकार की बिलासपुर को जबलपुर से जोड़ने के बारे में सर्वेक्षण करने की कोई योजना है ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (घ). एक विवरण संलग्न है ।

विवरण

(क) से (ग). जी हां । छत्तीसगढ़ क्षेत्र में परिवहन सम्बन्धी सुविधाओं के विकास की आवश्यकता को देखते हुए तथा औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से विकासात्मक लाइन के रूप में जगदलपुर को बड़ी लाइन के द्वारा दल्ली राजहरा के साथ जोड़ने की परियोजना को स्वीकृति प्रदान करने के लिए योजना आयोग से पहले ही सम्पर्क किया जा चुका है । किरन्दुल (बेलाडिला) पहले ही बड़ी लाइन के द्वारा जगदलपुर से सम्बद्ध है ।

बरवाडीह और करौंजी के बीच (154 कि0 मी0) एक नई बड़ी लाइन के लिए प्रारम्भिक इंजीनियरी एवं यातायात सर्वेक्षण के कार्य की अच्छी प्रगति हो रही है और इसके मार्च, 1981 तक पूरा हो जाने की संभावना है । सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने तथा इसका मूल्यांकन कर लिये जाने के बाद ही कोई निर्णय लिया जायेगा ।

रायपुर–धमतरी छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के लिए पहले शुरू किये गये इंजीनियरी एवं यातायात सर्वेक्षण को अद्यतन करने तथा प्रस्तावित लाइन को बालोद तक बढ़ाने के प्रश्न पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है और 1981–82 के बजट में इसे शामिल करने के लिए सर्वेक्षणों को अन्तिम रूप देते समय इस सम्बन्ध में निर्णय किया जायेगा ।

कोरबा को रांची से जोड़ने तथा बिलासपुर से जबलपुर तक रेल लाइन बिछाने के कोई प्रस्ताव फिलहाल विचाराधीन नहीं हैं ।

(घ) जी नहीं ।

पश्चिम रेलवे के मुख्यालय का स्थानान्तरण

4382. श्री मोती भाई आर0 चौधरी : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पश्चिम रेलवे के मुख्यालय को बम्बई से गांधीनगर स्थानान्तरित करने के लिए सहमत हो गई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस सम्बन्ध में गुजरात सरकार को कोई निर्देश दिए गए थे; और

(ग) क्या बम्बई में स्थान के अभाव को देखते हुए तथा यह देखते हुए कि गांधीनगर पश्चिम रेलवे का केन्द्रीय स्थल है, इस निर्णय को शीघ्र कार्यान्वित किया जाएगा ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं ।